समस्या | नहीं की मरम्मत, नारायणगंज में बैगा टोला की सड़क जर्जर

# पेयजल पाईप लाईन बिछाने खोद दी सड़क





**नारायणगंज 13 अगस्त नभाप्र.** मंडला। नारायणगंज मुख्यालय से कुछ ही दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत खैरी के बैगा टोला में महीनों से टूटी हुई सड़क स्थानीय निवासियों के लिए बड़ी परेशानी का सबब बनी हुई है। पीएचई विभाग द्वारा पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़क को तोड़ा गया था, लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भी इसकी मरम्मत नहीं की गई है, जिसके चलते यह सड़क अब मलबे और कीचड़ के ढेर में तब्दील हो चुकी है।

जानकारी अनुसार आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के विकास के लिए सरकार भले ही अनेक योजनाएं चलाती हों, लेकिन धरातल पर भ्रष्ट ठेकेदारों और लापरवाह अधिकारियों की मिलीभगत के कारण इन योजनाओं का लाभ आम जनता तक नहीं पहुंच पाता। नारायणगंज बैगा टोला की यह क्षतिग्रस्त सड़क इसी उदासीनता का जीता-जागता उदाहरण है। बताया गया कि हाल ही में त्योहार के मौसम में भी ग्रामीणों को इसी कीचड़ भरी सड़क से होकर गुजरना पड़ा, जिससे उनकी खुशियों पर भी पानी फिर गया। स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों की लापरवाही के कारण उनका जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

### मार्ग जीर्णोद्धार की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन और विभाग के अधिकारी इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। बैगा टोला के निवासी लगातार इस टूटी हुई सड़क के जीर्णोद्धार की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी गुहार सुनने वाला कोई नहीं है। इस बदहाली के बीच ग्रामीण मलबा और कीचड़ से भरी सड़क पर जिंदगी गुजारने को मजबूर हैं, और जिम्मेदार विभागों की चुप्पी इस लापरवाही को और भी गहरा कर रही है।



# तिरंगा साईकिल रैली का आयोजन

## देशभक्ति और पर्यावरण का दिया संदेश

**मंडला 13 अगस्त नभाप्र.** मंडला साइकिलिस्ट ग्रुप ने शहर में तिरंगा साइकिल रैली का आयोजन किया। देशभक्ति से ओत-प्रोत इस रैली में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिय। रैली की शुरुआत सुबह 5 .45 बजे रपटा घाट से हुई। यह रैली बैगा बैगी चौराहा, रेडक्रॉस तिराहा, जेल घाट, रानी अवंतीबाई स्कूल, उदय चौक, बस स्टैंड, बिंझिया तिराहा, नेहरू स्मारक और महाराजपुर से होते हुए वापस रपटा घाट पर समाप्त हुई। इस यात्रा के दौरान शहर की सड़कें देशभक्ति गीतों और भारत माता की जय के नारों से गूंज उठीं। मंडला साइकिलिस्ट ग्रुप के सदस्य विजय बहादुर सिंह ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देना, युवाओं में देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना और साइकिलिंग के प्रति जागरूकता फैलाना है। रैली में सभी प्रतिभागियों ने सुरक्षा नियमों का पालन भी किया गया। विजय बहादुर सिंह ने कहा कि यह रैली देशभक्ति का उत्सव है। हम इस यात्रा के माध्यम से लोगों को स्वस्थ रहने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संदेश देना चाहते हैं। हम चाहते हैं कि मंडला के लोग साइकिलिंग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएँ। मंडला साइकिलिस्ट ग्रुप ने उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में और भी अधिक लोग ऐसे आयोजनों में शामिल होंगे, जिससे स्वास्थ्य, पर्यावरण और देशभक्ति जैसे महत्वपूर्ण उद्देश्यों को एक साथ बढ़ावा मिलेगा। मंडला साइकिलिस्ट ग्रुप में हेमंत खरे, दिनेश दुबे, विजय सिंह, राकेश अग्रवाल, महेश चड़ार, अब्दुल शकूर खान, प्रमोद चौरसिया, मानसिंह, संतोष कुशवाह, सुनील बाली, केडी दुबे, मुकेश सोनी, सुधीर कांसकार, रामगोपाल पटेल, राजेन्द्र उपाध्याय, राकेश गुप्ता, श्याम श्रीवास समेत साईकिल ग्रुप एवं पतंजलि योग पीठ मंडला के सदस्य शामिल हुए।

# मंडला के एग्री स्टार्टअप को मिली बड़ी सफलता

गौ-अर्क उत्पादों के विकास के लिए प्री-सीड फंडिंग

केंद्र सरकार की प्रेरणा योजना के तहत हुआ चयन, कृषि में उद्यमिता को मिलेगा बढ़ावा




**मंडला 13 अगस्त नभाप्र.** मंडला के दो युवा गजेन्द्र गुप्ता और सौरभ चटर्जी के प्रयासों को बड़ी सफलता मिली है। उनके एग्री स्टार्टअप पूरा सोशल सॉल्यूशंस का चयन केंद्र सरकार की प्रेरणा योजना के तहत हुआ है। इस पहल के तहत उन्हें गौ-अर्क आधारित जैविक उत्पादों के विकास वैज्ञानिक विश्लेषण, परीक्षण और फील्ड ट्रायल के लिए जवाहर आर-एबीआई, जबलपुर के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने का मौका मिला है।

बताया गया कि जबलपुर में हुए एक समारोह में डॉ. मनदीप शर्मा कुलगुरु, नानाजी देशमुख वेटनरी साइंस यूनिवर्सिटी, प्रो. पीके मिश्रा कुलगुरु, जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय और डॉ. मोनी थॉमस सीईओ, जवाहर आर-एबीआई की उपस्थिति में एमओए का आदान-प्रदान किया गया। इस अवसर पर पूरा सोशल सॉल्यूशंस के डायरेक्टर गजेन्द्र गुप्ता और सहयोगी सदस्य विनोद शर्मा मौजूद रहे।

गजेन्द्र गुप्ता ने बताया कि इस एमओए के अनुसार मार्च 2026 तक गौ-अर्क उत्पादों के विकास और उनके परीक्षण का लक्ष्य रखा गया है। इस काम में जवाहर आर-एबीआई की टीम के साथ डॉ. प्रकाश इतनकर, निर्मल कुमार अवस्थी, और सुरेंद्र गुप्ता जैसे विशेषज्ञ भी मार्गदर्शन दे रहे हैं। बताया गया कि आजकल रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों को देखते हुए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी दिशा में काम करते हुए गजेन्द्र गुप्ता और सौरभ चटर्जी ने अपने मॉडल में गौ-अर्क आधारित जैविक उत्पादों को विकसित करने का प्रस्ताव रखा।

गजेन्द्र गुप्ता ने बताया कि यह मॉडल मिट्टी के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने, फसल की उपज बढ़ाने और पौधों को कीटों और बीमारियों से प्राकृतिक रूप से बचाने में मदद करेगा। उनके इस अभिनव मॉडल को भारत सरकार की प्रेरणा योजना के तहत प्री-सीड फंडिंग के लिए चुना गया है। पूरा सोशल सॉल्यूशंस के इस मॉडल का चयन एक लंबी और कठिन प्रक्रिया के बाद हुआ है। इसमें आवेदनों की शॉर्टलिस्टिंग, विशेषज्ञों के समक्ष प्रस्तुति और कई चरणों का प्रशिक्षण शामिल था, जिसके बाद मंत्रालय की मंजूरी मिली है।

# मानसिक स्वास्थ्य भ्रांति की जांच के लिए राज्य स्तरीय टीम का दौरा

## अंधविश्वास से दूर रहने की अपील, तिलई गांव में राज्य स्तरीय टीम ने किया दौरा



**मंडला 13 अगस्त नभाप्र.** राज्य स्तरीय टीम ने मंडला के ग्राम तिलई हाईस्कूल का दौरा किया। यह दौरा कुछ दिन पहले स्कूल में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी फैली भ्रांतियों की सच्चाई जानने के लिए किया गया था। सीएमएचओ डॉ. डीजे मोहंती ने बताया कि टीम में राज्य मानसिक स्वास्थ्य की उप संचालक डॉ. विजया सकपाल और जिला स्तरीय टीम के सदस्य शामिल थे। टीम ने स्कूल के प्राचार्य सभी बच्चों, पीड़ित छात्राओं और उनके अभिभावकों से मिलकर घटना का जायजा लिया। अभिभावकों ने बताया कि जिला और ब्लॉक स्तर की मेडिकल टीम ने पहले ही उनका इलाज कर दिया था। उप संचालक डॉ. विजया सकपाल ने गाँव के एक पंडा से भी बात की और उन्हें भ्रांतियों या अंधविश्वासों में न पड़ने की सलाह दी। जहाँ यह घटना हुई थी, उस पेड़ के नीचे ले जाकर बच्चों को शपथ दिलाई गई कि पेड़ उनके रक्षक हैं और उन्हें नुकसान नहीं पहुँचा सकते। डॉ. विजया ने स्थानीय स्वास्थ्य कर्मियों और किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाता को फॉलोअप और परामर्श देने के निर्देश दिया। इस दौरान उप संचालक डॉ. विजया, जिला टीकाकरण अधिकारी, क्षेत्रीय समन्वयक, सुपरवाइजर, सीएचओ, एमपीडब्ल्यू, एएनएम और शिक्षक उपस्थित थे।

# पुलिस ग्राउंड में स्वतंत्रता दिवस की फाईनल रिहर्सल

**मंडला 13 अगस्त नभाप्र.** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह का आयोजन पुलिस लाईन ग्राऊंड में किया जाएगा। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह की तैयारियों की फाईनल रिहर्सल का जायजा लिया। उन्होंने ध्वजारोहण, परेड, सलामी सहित अन्य गतिविधियों की फाईनल तैयारियाँ देखी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक रजत सकचेला, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा, एसडीएम मंडला सोनल सिडाम सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# घुघरी संदीपनी और मॉडल स्कूल के छात्रों ने निकाली तिरंगा यात्रा

आजादी के अमृत महोत्सव पर गूंजे भारत माता की जय के नारे, छात्रों ने लिया एकता का संकल्प



**घुघरी 13 अगस्त नभाप्र.** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में घुघरी के दो प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों संदीपनी विद्यालय और मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। इस आयोजन ने पूरे कस्बे में देशभक्ति का जोश भर दिया। संदीपनी विद्यालय में दोपहर 2 बजे एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय प्राचार्य एमके चौधरी की उपस्थिति में छात्रों और शिक्षकों ने राष्ट्रध्वज को सलामी दी। इसके बाद सभी ने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने की शपथ ली। विद्यालय परिसर भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से गूंज उठा। शिक्षकों ने छात्रों को स्वतंत्रता के महत्व और बलिदान की कहानियों से अवगत कराया।

मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल में भी देशभक्ति का उत्साह चरम पर था। प्राचार्य आरएस भारद्वाज के नेतृत्व में छात्रों ने एक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली। यह यात्रा स्कूल से शुरू होकर घुघरी के मुख्य मार्गों से गुजरी, जहाँ बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी शामिल हुए। छात्रों ने हाथों में तिरंगा लिए देशभक्ति के नारे लगाए, जिससे पूरे क्षेत्र में एक सकारात्मक माहौल बन गया। यात्रा के समापन पर छात्रों ने एक मानव श्रृंखला बनाकर एकता और भाईचारे का संदेश दिया।

# स्वतंत्रता दिवस और स्वच्छता पखवाड़ा पर तिरंगा रैली



**मंडला 13 अगस्त नभाप्र.** 79वें स्वतंत्रता दिवस और स्वच्छता पखवाड़ा के अवसर पर हायर सेकेंडरी स्कूल बबलिया के छात्रों और शिक्षकों ने विशाल तिरंगा रैली का आयोजन किया। इस रैली में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने अपने हाथों में तिरंगा झंडे लिए हुए थे। इसके साथ ही छात्रों ने हाथों में झाड़ू, बेलचा और फावड़ा लेकर स्वच्छता का संदेश देते हुए सफाई भी की। छात्र-छात्राओं ने तिरंगा लहराते हुए देश की आन-बान-शान के सम्मान में नारे लगाए और देश की स्वतंत्रता को बनाए रखने का संदेश दिया। इसके साथ ही उन्होंने सड़क किनारे फैली गंदगी को साफ करके हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता का संदेश भी दिया। छात्रों ने झाड़ू, बेलचा और फावड़े का उपयोग कर लोगों को अपने घर, मोहल्ले, गांव और कार्यस्थल को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर गांव के मुख्य मार्ग और बस स्टैंड पर एकत्रित रैली में शामिल बच्चों, शिक्षकों, ग्रामीणों, व्यापारियों और जनप्रतिनिधियों ने स्वच्छता की शपथ ली। प्राचार्य डीके सिंगौर ने शपथ दिलाते हुए कहा कि स्वच्छता को अपनाकर ही हम तिरंगे की शान बढ़ा सकते हैं।

# नशा मुक्त मप्र बनाने की शपथ दिलाई

## नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवी वर्षगांठ पर कार्यक्रम



**नैनपुर 13 अगस्त नभाप्र.** नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवी वर्षगांठ के अवसर पर नैनपुर नगरपालिका परिसर में एक सामूहिक नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष कृष्णा पंजवानी ने सभी उपस्थित लोगों को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत मध्यप्रदेश को नशा मुक्त बनाने के लिए दृढ़ संकल्प लेने की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में अध्यक्ष कृष्णा पंजवानी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी लक्ष्मण सिंह सारस, राजस्व उप निरीक्षक प्रेम कुमार चौटेल, राजकुमार साहू, रितु मर्सकोले, राजकुमार पंजवानी, गोपी नंदा, रोहित चौटेल, पवन नंदा, शुभम पंजवानी, सुमित, विद्या, मीनू, ज्योति, रश्मि और आमजन उपस्थित रहे।

# निवास में गूंजे देशभक्ति के नारे, निकली बाइक रैली

**निवास 13 अगस्त नभाप्र.** निवास में एक तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में देशभक्ति की भावना को जागृत करना और आजादी के इस पर्व को धूमधाम से मनाना था। रैली की शुरुआत जनपद पंचायत अध्यक्ष मंजू रानी कुलस्ते, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष घनश्याम सूर्यवंशी और सीईओ श्रद्धा सोनी की उपस्थिति में हुई। रैली जनपद पंचायत परिसर से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी, जिसमें तहसील परिसर, बस स्टैंड, राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह तिराहा, बाजार चौक और आजाद चौक शामिल थे।

# शहीद परिवार और सेवारत जवानों का हुआ सम्मान, स्वच्छता का भी दिया संदेश

## बबलिया में गूंजे देशभक्ति के नारे, भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा



**बबलिया 13 अगस्त नभाप्र.** भाजपा मंडल बबलिया द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा का उद्देश्य हर घर तिरंगा अभियान के तहत देशभक्ति की भावना को जागृत करना और स्वच्छता का संदेश देना था। यह रैली पत चौराहे से शुरू होकर डाला मल्हार, जेवरा, खिनहा और सुखराम गांव पहुंची। सुखराम में वीर शहीद रामनाथ धूमकेतु के घर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक राम प्यारे कुलस्ते, जनपद अध्यक्ष आसाराम भारती और डॉ. विजय सरवटे की उपस्थिति में शहीद के पिता केशव धूमकेतु, माता और परिवार के सदस्यों को शाल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

# पति की लंबी उम्र के लिए महिलाओं ने तीज पर्व मनाया, विधि-विधान से की पूजा



**मंडला 13 अगस्त नभाप्र.** सिंधी समाज की महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र और खुशहाली के लिए परंपरागत तरीके से तीज पर्व मनाया। इस अवसर पर सुहागन महिलाओं ने व्रत रखा, वहीं अविवाहित कन्याओं ने सुयोग्य वर की कामना के साथ यह व्रत किया। पर्व की शुरुआत एक दिन पहले मेहंदी की रस्म से हुई। मंगलवार सुबह ब्रह्म मुहूर्त में महिलाओं ने सरगी का सेवन किया और फिर नए वस्त्रों में सोलह श्रृंगार कर पूजा की तैयारी की। वे हाथ में पूजा की थाली लेकर सामाजिक पुरोहित के घर एकत्र हुईं, जहाँ विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। सामाजिक पुरोहित ने बताया कि इस पूजा में कलश का विशेष महत्व होता है। महिलाओं ने तीज माता का फुलेहरा झूले में बाँधा और उसे पारंपरिक तरीके से झुलाया। इस फुलेहरे में फल, फूल और अन्य पूजा सामग्री शामिल थी, जिसकी महिलाओं ने विधिवत पूजा की। शाम को पुरोहित के घर में तीज माता की कथा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और कथा का श्रवण किया। रात्रि में चंद्रोदय के बाद महिलाओं ने चंद्र देव की पूजा की और उन्हें अर्ध्य दिया। इसके बाद उन्होंने अपने पति की पूजा करके उनके हाथों से जल ग्रहण कर अपना व्रत पूर्ण किया। इस पर्व को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। उन्होंने घर के बड़ों के मार्गदर्शन में सभी परंपराओं का पालन किया। इस मौके पर पतियों ने अपनी पत्नियों को उपहार भी भेंट किए।

# किड्जी स्कूल में गूंजी जय श्री कृष्णा की धूम, बच्चों ने राधा-कृष्ण बन मोहा मन

नन्हे-मुन्नों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां


कालिया नाग की कथा का मंचन



**मंडला 13 अगस्त नभाप्र.** किड्जी प्ले स्कूल सिविल लाइन में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर स्कूल का वातावरण भक्तिमय हो गया, जहाँ नन्हे-मुन्ने बच्चे राधा और कृष्ण की वेशभूषा में बेहद प्यारे लग रहे थे। वहीं छोटे कृष्ण पीतांबर, मोरपंख और बांसुरी के साथ मंच पर पहुंचे, तो नन्ही राधायें अपनी मनमोहक मुस्कान और सुंदर परिधानों से सबका ध्यान खींच रही थीं। प्ले ग्रुप से लेकर सीनियर केजी के बच्चों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों को नृत्य शिक्षक भव्यदीप कछवाहा और चेतना मालवानी के मार्गदर्शन में तैयार किया गया। बच्चों को जन्माष्टमी के महत्व की जानकारी दी। सीनियर केजी के छात्रों ने कृष्ण द्वारा कालिया नाग पर विजय की पौराणिक कथा का जीवंत मंचन किया, जिसमें यमुना नदी को विषमुक्त करने की घटना को खूबसूरती से दर्शाया गया। इसके अलावा, शिक्षक भव्यदीप कछवाहा ने श्रीकृष्ण की स्तुति प्रस्तुत की और स्कूल की शिक्षिकाओं ने राधा-कृष्ण के पवित्र प्रेम पर आधारित नृत्य से कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। आयोजित कार्यक्रम स्कूल की प्राचार्या शालिनी शुक्ला और एकेडमिक कोऑर्डिनेटर राशि पमनानी के कुशल निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

एडवाइजरी | आज 14 अगस्त को मंडला में रहेंगे डॉ. मोहन यादव, सुगम आवागमन के लिए ये रूट होंगे प्रभावित

# मुख्यमंत्री के मंडला आगमन पर यातायात व्यवस्था में बदलाव




**मंडला 13 अगस्त नभाप्र.** आज 14 अगस्त को मंडला में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन एवं कार्यक्रम के दौरान अधिक संख्या में लोगों के सम्मिलित होने की संभावना है। इस अवसर पर सुरक्षा व सुगम यातायात की दृष्टि से विशिष्ट अतिथियों की कार पार्किंग कॉलेज के सामने होगी। समस्त शासकीय अधिकारियों, मंचासीन विशिष्ट अतिथियों के वाहनों की पार्किंग व्यवस्था वेयरहाउस परिसर में की गई है। मेला स्थल बड़ी खैरी में दो पहिया वाहनों की पार्किंग व्यवस्था की गई है। एकीकृत प्राथमिक शाला मैदान बड़ी खैरी में मंडला की ओर से कार्यक्रम में आने वाले फोर व्हीलर वाहनों की पार्किंग व्यवस्था की गई है। प्राथमिक शाला मैदान पीपरपानी में नैनपुर, मवई, बिछिया की ओर से कार्यक्रम में आने वाले समस्त छोटे व अन्य वाहनों की पार्किंग व्यवस्था की गई है। मंडला ब्लॉक, मवई एवं घुघरी से कार्यक्रम में आने वाले समस्त वाहन डिंडोरी रोड के पास पार्क होंगे। बीजाडांडी, नारायणगंज, निवास, नैनपुर, बिछिया से आने वाली बसें व अन्य वाहन जंतीपुर क्रॉसिंग के बाद हाईवे के पास पार्क होंगे। बिनेका तिराहा-आमानाला बाईपास व डिंडोरी रोड की ओर जाने वाले वाहन बिनेका तिराहा से डायवर्ट होकर हाईवे से होकर जाऐंगे। आमानाला बाईपास से शहर की ओर आने वाले समस्त प्रकार के वाहन हाईवे से कटरा बाईपास व प्रथम ढाबा पुरवा होकर शहर आएंगे। बम्हनी, नैनपुर, पिंडरई की ओर से कार्यक्रम में आने वाली समस्त बसें व अन्य वाहन पौड़ी रेलवे क्रॉसिंग तिराहा से डाइवर्ट होकर आरटीओ कार्यालय, पुरवा, प्रथम ढाबा से होकर निर्धारित पार्किंग स्थल में पहुंचेंगे। बस स्टैंड से डिंडोरी रोड व रायपुर जाने वाली समस्त यात्री बसें महाराजपुर, पौंड़ी तिराहा, पुरवा होकर बाईपास से आएंगे-जाएंगे। आमजनों से अपील कि उक्त कार्यक्रम एवं वीआईपी आगमन, प्रस्थान के दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था बनाने में पुलिस का सहयोग करें। इस दौरान वीआईपी आगमन, प्रस्थान व कार्यक्रम के दौरान वीआईपी मार्ग व कार्यक्रम स्थल की ओर समस्त प्रकार के भारी वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा।

### आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन



मंडला 13 अगस्त नभाप्र. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज 14 अगस्त को दोपहर 2:45 बजे डुमना एयरपोर्ट जबलपुर से मंडला के लिए रवाना होंगे तथा दोपहर 3:05 बजे मंडला हेलीपेड पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शाम 5 बजे हेलीपेड मंडला से जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

